हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 मई 2024

तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

11 कर्मचारी भवन में हुआ मजदूर दिवस पर गोष्ठी और...

12 नगर की यातायात व्यवस्था को लेकर ...




**खबर संक्षेप**

## मां ने पैसे नहीं दिए तो बेटे ने की पिता से मारपीट

**महासमुंद**। पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिंधनखोल में एक युवक ने अपने पिता से मारपीट कर दी। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी बाबूलाल नंद पिता धरमू नंद ने रिपोर्ट लिखाई है कि 1 मई की सुबह करीबन 8.30 बजे मैं अपने घर के बाहर बैठा था। उसी समय मेरा बड़ा बेटा ओमप्रकाश नंद घर पर मेरी पत्नी नोराबाई से पैसा मांग कर विवाद कर रहा था। जब उसे पैसे नहीं मिले तो वह गाली गलौज करते हुए घर से बाहर निकला और मुझे देख कर गाली गलौज करते हुए, तुम लोग मुझे पैसा नहीं देते हो कहकर घर के सामने गली में मुझसे हाथ-मुक्का एवं घर की जलाऊ लकड़ी से मारपीट करने लगा। तब मेरी पत्नी नोरा बाई ने बीच बचाव किया। प्रार्थी ने बताया कि ओमप्रकाश नंद के द्वारा मारपीट करने से मेरे बांये हाथ के पंजे ,पीठ एवं बायें आंख के ऊपर माथे में चोट आई है। पुलिस ने धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

**मनमानी:** उत्खनन कर रहे माफिया ने वाहन की कांच तोड़ी, पहुंचाई क्षति

# नियम विरूद्ध हो रहा था रेत उत्खनन जनपद अध्यक्ष ने रोका तो हुआ हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मामला बरबसपुर रेत खदान का है, जहां रात में भी रेत उत्खनन किया जा रहा था

रेत उत्खनन के लिए निर्धारित समय के बाद रात्रि में रेत का उत्खनन का विरोध करने पर जनपद अध्यक्ष उत्खननकर्ताओं के हमले का शिकार हो गया। मामला बरबसपुर रेत खदान का है जहां रात में भी रेत उत्खनन और परिवहन किया जा रहा था। उक्त अवैध कार्य की जानकारी खनिज अफसरों को देने के बावजूद रात तक कोई अफसर मौके पर नहीं पहुंचा। वहीं विरोध दर्ज कराने पहुंचे जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू पर हमला हो गया और उनके वाहन के साथ तोड़फोड़ भी की गई। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की रिपोर्ट पर जनपद अध्यक्ष के खिलाफ भी गाली गलौज और जान से मारने की धमकी की धाराओं में अपराध दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को रात 8:50 बजे बरबसपुर रेत खदान के महानदी से अवैध रूप से रेत खनन कर हाइवा से ले कर जा रहे थे। इस दौरान जनपद अध्यक्ष और उनके बेटे विवेक साहू ने उन्हें रोककर ड्राइवर से रायल्टी ▶▶|शेष पेज 10 पर



### जांच के बाद कार्रवाई

इस संबंध में एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडे ने बताया कि दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जनपद अध्यक्ष पर गाली गलौज का आरोप

वैभव चंद्राकर निवासी बरबसपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पिता झाला चंद्राकर द्वारा बरबसपुर रेत घाट को लीज पर लिया गया है। जनपद अध्यक्ष यतेंद्र उर्फ यशवंत साहू द्वारा अवैध वसूली के नाम पर कई दिनों से परेशान कर रहा था। बुधवार की रात 9.30 बजे उनके पिता ने यतेंद्र साहू को फोन लगाया, जिसमें गाली गलौज करने लगा। जिस पर उनके साथ बिरकोनी चौक पहुंचे, जहां पर उसके साथ बहस हो गई। जिस पर यतेंद्र साहू द्वारा कार को रिवर्स कर उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई। जिस पर पुलिस ने यतेंद्र साहू के खिलाफ धारा 294, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## छोटा हाथी की टक्कर से बाइक पर सवार दो युवक घायल

**महासमुंद**। छोटा हाथी वाहन की टक्कर से बाइक में सवार दो युवक घायल हो गए हैं। मामला महासमुंद सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम बरोंडाबाजार के मवेशी बाजार के पास का है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। घटना को लेकर प्रार्थी लक्ष्मी धृतलहरे पिता हीरालाल धृतलहरे ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम खेमड़ा थाना कोमाखान हाल पीएचई आफिस के पीछे चंद्राकर बाड़ा बीटीआई रोड महासमुंद का निवासी हूं और वर्तमान में एफसीआई महासमुंद सुभाष नगर में सुरक्षाकर्मी के रूप में कार्यरत हूं। उसने बताया कि बीते महीने 16 अप्रैल को लगभग 01.45 बजे ड्यूटी से घर पहुंचा था, उसी समय घर में मेरे बड़े साढू भैया आनंद घृतलहरे के छोटा लड़के लक्ष्य घृतलहरे ने मुझे पॉलिटेक्निक कॉलेज बरोंडा बाजार में किसी काम के सिलसिले में साथ चलने कहा। इसके बाद मैं अपने साढू भाई के बजाज पल्सर मो0सा0 क्र सीजी 06 जीडब्लू 2074 से लक्ष्य घृतलहरे को साथ में लेकर घर से निकला और रास्ते में बीटीआई गार्डन के सामने उसका दोस्त सिद्धांत पनौरिया मिला, जिसे भी साथ लेकर बरोंडा बाजार पॉलिटेक्निक कालेज गए। वहां से काम पूरा कर जब वापस आ रहे थे तभी दोपहर लगभग 2.25 बजे मवेशी बाजार के सामने ग्राम बरोंडा बाजार में मैं मोटर सायकल को सड़क किनारे खड़ी कर लघुशंका करने के लिए खेत की ओर गया था। उस समय लक्ष्य घृतलहरे और सिध्दांत पनौरिया दोनो मोसा. में बैठे थे। तभी महासमुंद की ओर से आ रहे वाहन छोटा हाथी टाटा एस क्र सीजी 23 1921 के चालक अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक एवं उसमें बैठे लक्ष्य घृतलहरे और सिध्दांत पनौरिया को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उन दोनों के हाथ, पैर, चेहरे एवं शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोट आई। जिन्हें बाद में जिला अस्पताल महासमुंद उपचार के लिए लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार पश्चात रेफर करने पर रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# गर्मी में तीन बार पानी सप्लाई लेकिन, जल कर एक चौथाई भी वसूल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- चार वर्षो से शहरवासियों को मिल रही सुविधा, जलकर पटाने में पीछे

गर्मी के दिनों में लोगों को जल संकट का सामना न करना पड़े इसलिए बीते तीन वर्षों से जिला मुख्यालय के नागरिकों को दिन में तीन बार पानी दिए जाने की सुविधा तो दी जा रही है। लेकिन, तमाम सुविधाओं के बावजूद जलकर बकायादारों में टैक्स जमा करने को लेकर सजगता का अभाव देखा जा रहा है। इसी का नतीजा है कि वसूली लक्ष्य 3 करोड़ 46 लाख 45 हजार रुपए में से मार्च की समाप्ति तक महज 78 लाख 37 हजार रुपए ही वसूल हो पाए हैं।

बता दें कि जिला मुख्यालय में कुल 8114 घरेलू नल कनेक्शन हैं, जिसमें दो टाइम पानी देने के लिए 80 लाख लीटर पानी की सप्लाई की जाती है। घरों में पानी सप्लाई के लिए शहर में कुल 7 बड़ी पानी टंकी बनाए गए हैं। जिसमें दो टंकियों को 7 बोरवेल्स के माध्यम से भरा जाता है और बाकी के 5 टंकियों को महानदी जलावर्धन के तहत पानी चढ़ाया जाता है। शहर के घरों में पानी ▶▶|शेष पेज 10 पर



### वसूली में इसलिए बाधा

नाम न छापने की शर्त पर एक कर्मचारी ने बताया कि वसूली में सबसे ज्यादा बाधा राजनीति है। खासकर रसूखदार व्यक्ति से जलकर देने के लिए आग्रह करना भी मुश्किल हो जाता है। आग्रह करते ही किसी प्रभावशील राजनीतिक व्यक्ति का फोन आ जाता है और उसे अपना आदमी बताकर कर्मचारियों को कार्रवाई के लिए रोक दिया जाता है।

### बकाया की होगी समीक्षा

नपा महासमुंद सीएमओ टॉमसन रात्रे ने बताया कि बकाया जलकर राशि की समीक्षा की जाएगी। लोकसभा चुनाव के कारण समीक्षा का कार्य रूका हुआ था। अब घर-घर जाकर सर्वे कराया जाएगा। तभी यह स्पष्ट हो पाएगा कि कितने बकायादार हैं और उनसे कितनी रकम ली जानी है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969



## खबर संक्षेप

### आईएएस रिचा की वापसी

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की 1994 बैच की अधिकारी रिचा शर्मा की राज्य में वापसी हो गई है। वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दो साल से दिल्ली में पदस्थ थीं। इसी दौरान राज्य सरकार ने जनवरी में उनकी वापसी के लिए मंजूरी दे दी थी। रिचा शर्मा एसीएस स्तर की अधिकारी हैं। बताया गया है कि उन्हें वन या स्वास्थ्य विभाग में से किसी एक या दोनों विभाग का प्रभार दिया जा सकता है। इन दोनों विभागों का अतिरिक्त प्रभार फिलहाल आईएएस मनोज पिंगुआ के पास है।

### कार्रवाई वापस लेने एम्स निदेशक से मिले चिकित्सा छात्र

**रायपुर।** मारपीट के मामले में हास्टल से छह माह के लिए निष्कासित किए गए चिकित्सा छात्रों को वापस लेने के लिए सहपाठियों ने एम्स निदेशक से मुलाकात की। निदेशक के साथ छात्रों की काफी देर तक चर्चा हुई और उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। करीब छह माह पहले रैगिंग की शिकायत पर बनाई गई कमेटी ने जांच की थी और मामले को मारपीट का माना था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एंटी रैगिंग कमेटी ने द्वितीय और तृतीय वर्ष के तीन छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की थी। कमेटी की बैठक के बाद छात्रों को इस बात की सख्त हिदायत दी गई है कि वे अपनी पढ़ाई पर फोकस करें।

### जिला कांग्रेस ने बोरे बासी खाकर मनाया मजदूर दिवस

**रायपुर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने बोरे बासी खाकर मजदूर दिवस मनाया। कांग्रेस भवन गांधी मैदान में कांग्रेस नेताओं ने सामूहिक रूप से एक साथ बैठकर बोरे बासी खाया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि श्रम का सम्मान करते हुए पारंपरिक भोजन बोरे बासी खाते हुए तस्वीर सोशल मीडिया में पोस्ट की। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय, महेंद्र छाबड़ा, प्रमोद तिवारी, पंकज शर्मा, एजाज ढेबर, प्रमोद दुबे, शिव सिंह ठाकुर, अरुण जंघेल, नवीन चंद्राकर, प्रशांत ठेंगड़ी, ममता राय, गंगा यादव, जी. श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, आकाशदीप शर्मा, नीलकंठ जगत, गौतम यादव और बाबा मसीह उपस्थित थे।

### बापू की कुटिया को किया क्षतिग्रस्त

**रायपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक-52 के अंतर्गत अमलीडीह अपना गार्डन स्थित बापू की कुटिया को सोमवार की रात शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। बापू की कुटिया का संचालन करने वाली अपना जी वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सचिव गिरवर प्रसाद राठौर ने बताया कि 29 अप्रैल को सुबह बापू की कुटिया की साफ-सफाई करने वाली आया यहां पहुंची तो उसने पाया कि गेट के पास लगी हुई शीशे की खिड़की है, उसे असामाजिक तत्वों द्वारा पत्थर मारकर तोड़ दिया गया, वह पत्थर अंदर पड़ा मिला है। इस घटना से समिति के सभी सदस्य अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। समिति के अध्यक्ष शरद गुप्ता ने तत्काल स्मार्ट सिटी रायपुर एवं पुलिस थाने में रिपोर्ट कर दी है और अपेक्षा की है कि ऐसे उपद्रवी तत्वों पर तत्काल कार्रवाई कर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था प्रदान की जाए।

### श्रीकृष्ण और सुदामा से सीखें मित्रता निभाना : पं. शुक्ला



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित महामाया मंदिर के सामने आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में बुधवार को भगवताचार्य पं. मनोज शुक्ला महाराज ने व्यास स्वरूप पं. शुक्ला ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे, परंतु विडंबना है कि आजकल स्वार्थ की मित्रता अधिक रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। दोस्ती कैसे निभाना चाहिए ये सुदामा और श्रीकृष्ण ने बताया है। जब सुदामा और कृष्ण संदीपिनी आश्रम उज्जैन में शिक्षा ले रहे थे, तब एक चोर एक भिखारिन के यहां चोरी कर चने की पोटली आश्रम मे छुपाया था।

# भवन निर्माण श्रमिकों ने सरकार की साइकिल सहायता योजना का सबसे अधिक लाभ उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार प्रदेश के श्रमिकों की मदद के लिए कई योजनाएं चलाती है, लेकिन भवन निर्माण से जुड़े श्रमिकों को सबसे अधिक मदद मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना से मिली है। इस योजना के तहत पिछले चार महीनों में पौने चार लाख से अधिक श्रमिक लाभान्वित हुए हैं। खास बात ये है कि इस योजना का सबसे अधिक लाभ रायपुर जिले के मजदूरों को मिला है।

छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम विभाग द्वारा भवन निर्माण से संबंधित लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी में बताया गया है कि इस वर्ग के श्रमिको के लिए मिनी माता कन्या विवाह योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, विश्वकर्मा दुर्घटना मृत्य, और मुख्यमंत्री सायकिल सहायता योजना का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं में राज्य के सभी जिलों के कुल मिलाकर 24 लाख 84 हजार, 84 श्रमिक पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री सायकिल सहायता योजना में सबसे अधिक 3 लाख 79 हजार 188 श्रमिकों को लाभ मिला है।

## पौने 25 लाख से अधिक श्रमिक हैं पंजीकृत, चार योजनाएं हैं इनके लिए कारगर

### महतारी जतन में डेढ़ लाख को लाभ

*राज्य सरकार ने श्रमिक महिलाओं के लिए मिनीमाता महतारी जतन योजना बनाई है। इसके तहत गर्भवती श्रमिक महिलाओं को सरकार 20 हजार रुपयों की मदद देती है। गर्भवती महिलाओं की संस्थागत डिलीवरी और शिशुओं को पोषक आहार की व्यवस्था करने में छत्तीसगढ़ सरकार की मिनीमाता महतारी जतन योजना काम करती है। इस योजना से 1 लाख 94 हजार 956 महिला श्रमिकों को राशि मिली है।*



### मिनीमाता कन्या विवाह योजना

*सरकार ने श्रमिकों की लड़कियों की शादी के लिए मिनीमाता कन्या विवाह योजना बनाई है। इस योजना के तहत गरीब परिवारों की लडकियों को शादी के लिए 25 हजार रुपए सहायता राशि दी जाती है। इस योजना के तहत भवन निर्माण श्रमिकों के परिवारों की 97 हजार 752 लडकियों को शादी के लिए राशि दी गई है। इसी तरह विश्वकर्मा दुर्घटना मृत्य योजना के तहत पंजीबद्ध निर्माण श्रमिकों को सामान्य मृत्यु पर 25 हजार, अंत्येष्टि के लिए पांच हजार और दुर्घटना की स्थिति में एक लाख रुपए तक देने का प्रावधान है। इस योजना में 19 हजार 924 श्रमिक परिवार लाभान्वित हुए हैं।*

## एआईसीसी मीडिया विभाग के अध्यक्ष ने कहा- मामले को ठीक कर लेंगे

# राधिका खेड़ा से दुर्व्यवहार पर पवन खेड़ा ने कहा- किसने क्या बोला, इसकी जांच होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एआईसीसी मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हुए विवाद को लेकर कहा, कोई भी बड़ी पार्टी होती है, तो विवाद होता है और ऐसा नहीं है कि केवल विवाद ही हो रहा है। विवाद तो भाजपा में भी हो रहा है। कांग्रेस भवन में राधिका खेड़ा दुर्वव्यहार के मामले में उन्होंने कहा, किसने क्या गलत बोला, इसकी जांच होगी। राधिका से बात हुई है, वह हमारी बहन हैं, किसी वजह से उनका मन दुखी हुआ है, तो उसे ठीक कर लेंगे।

मामले के सामने आने के बाद एआईसीसी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा स्थिति का जायजा लेने राजधानी रायपुर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों से मुलाकात कर मामले की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जांजगीर चांपा जिले में सभा हुई। बताया जा रहा है कि उस पर मीडिया में बयान देने को लेकर विवाद हुआ। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में राधिका खेड़ा प्रदेश के स्थानीय नेता और प्रवक्ताओं के साथ थीं। बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ने से राधिका खेड़ा राजीव भवन से रोते हुए बाहर निकल गईं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्विट कर अपनी व्यथा सुनाई। पार्टी से इस्तीफा देने तक की बात कह डाली।




### बैज और राष्ट्रीय नेताओं से की शिकायत

इस मामले में राधिका खेड़ा ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और राष्ट्रीय नेताओं से शिकायत की है। वहीं स्थानीय नेताओं और प्रवक्ताओं ने भी इसकी शिकायत की है। वहीं खेड़ा का रोते हुए एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वो रोते हुए फोन पर बात करती दिख रही हैं। राधिका खेड़ा ने इसकी जानकारी पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और पार्टी के बड़े नेताओं को दी।

**कांग्रेस में सबका सम्मान, यह अंदरूनी मामला, सुलझा लेंगे- बैज**

मामले पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस पार्टी में सबका मान सम्मान है। यह हमारी पार्टी का अंदरूनी मामला है, इसे सुलझा लेंगे। मामले में बीजेपी नेताओं की प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा, बीजेपी के पास चुनाव के समय कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए हमारे नेताओं की बातों को तूल देते हैं। बीजेपी के लोग पहले अपना घर संभाल लें।

**महिलाओं को क्या न्याय देगी कांग्रेस- साव**

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता से विवाद के मामले को उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पार्टी में महिला के अपमान को लेकर कहा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में उनकी राष्ट्रीय स्तर की महिला प्रवक्ता ही सुरक्षित नहीं है, तो क्या कांग्रेस के राज में महिलाएं सुरक्षित रह पाएंगी? कांग्रेस अपने महिला प्रवक्ता के साथ न्याय नहीं कर सकती, तो देश की महिलाओं को क्या न्याय देगी।

### खेड़ा ने कहा-भाजपा मुद्दा विहीन, हिंदू-मुस्लिम मंगलसूत्र, मंदिर के नाम पर लड़ रही चुनाव

एआईसीसी मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य पवन खेड़ा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुद्दाविहीन बताया। उन्होंने कहा, भाजपा हिंदू-मुस्लिम, मंगलसूत्र, मंदिर के नाम पर लड़ रही है। मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है।

कांग्रेस मुख्यालय राजीवभवन में संवाददाताओं से चर्चा में भाजपा के 400 पार वाले नारे पर पवन खेड़ा ने कहा, भाजपा 400 पार इसलिए कह रही है, क्योंकि उसकी नीयत में खोट है। भाजपा संविधान बदलना चाहती है, आरक्षण खत्म करना चाहती है, जबकि कांग्रेस जातिगत जनगणना के पक्ष में है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आरक्षण देना चाहती थी। ज्यादा दूर क्यों जाते हैं, रायपुर में अठारह महीने पहले यहां की कांग्रेस की राज्य सरकार ने आरक्षण संशोधन विधेयक पारित करा कर राजभवन में फाइल भेजी, कहां है वो फाइल मिट्टी खा रही है। उन्होंने कहा, 10 साल में मोदी सरकार में सिर्फ धोखा ही धोखा हुआ है। कितने युवाओं, महिलाओं, किसानों, व्यवसायियों ने आत्महत्या की है। मोदी सरकार की नीति और नीयत में खोट है। हर एक घंटे में दो नौजवान इस देश में आत्महत्या करने मजबूर हैं। वहां के प्रधानमंत्री मीट, मछली, मुसलमान, मंगलसूत्र ऐसी बाते करते हैं।

### मोदी हमारे मेनिफस्टों पर बिना पढ़े बात करते हैं

वहीं प्रधानमंत्री मोदी के कांग्रेस मेनिफेस्टो में मुस्लिम लीग की छाप होने वाले बयान पर उन्होंने कहा, पूरे घोषणापत्र में हिंदू -मुस्लिम का का जिक्र कहीं नहीं है। मुस्लिम लीग का घोषणापत्र मैंने पढ़ा नहीं, प्रधानमंत्री ने पढ़ा हो, तो नहीं पता। न्याय पत्र कांग्रेस का नहीं है, ये न्यायपत्र आप सबका है, इसीलिए आज मजबूरी में नरेंद्र मोदी अपने मेनिफेस्टो के बारे में बात करना बंद कर चुके हैं, हमारे मेनिफेस्टो की सुबह से शाम तक बात करते हैं और बिना पढ़े बात करते हैं। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए उनकी एंटायर पॉलिटिकल साइंस की डिग्री को भी चुनौती देने की भी बात कही।

## 105 साल के कन्हैया राम ने किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में 100 प्लस उम्र के मतदाताओं में वोट करने को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 85 प्लस मतदाताओं को घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। इस सुविधा का लाभ उठाते हुए गुरुवार को 105 वर्षीय कन्हैया राम बंछोड़ जो ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांदुल के रहने वाले हैं, ने अपने घर पर पोस्टल बैलेट से मतदान किया। इसके एक दिन पहले ग्रामीण विधानसभा की 105 वर्षीय मतदाता रमा देवी शुक्ला ने भी घर बैठे मतदान किया था। कन्हैया राम बंछोर के 60 वर्षीय पुत्र हृदय सिंह बंछोर ने बताया कि उनके पिता का जन्म वर्ष 1919 में हुआ। वे हर चुनाव में मतदान करते है। 105 वर्ष के हो चुके उनके पिता को अब चलने में परेशानी होती है, लेकिन फिर भी उनमें मतदान को लेकर उत्साह है। अपने पिता के कहने पर उन्होंने घर पर मतदान करने की सुविधा के लिए आवेदन किया था। मतदान दल आज उनके घर पहुंचा, जिसके बाद उनके पिता ने मतदान किया। मतदान करने के बाद उनके पिता ने खुशी जाहिर की कि इस उम्र में भी उन्हें मतदान करने का मौका मिला।

### तीन पीढ़ियां करती हैं मतदान

*कन्हैया राम बंछोर के साथ उनकी तीन पीढ़ियां रहती हैं। उनके बेटों के साथ पोते भी हैं, जो चुनाव में भागीदारी निभाते हुए मतदान करते हैं।*

# सीएम साय ने श्रमिकों के साथ खाया बोरे बासी, कहा- इन पर टिका हमारा विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के गांधी चौक पर आयोजित 'कामगारों का सम्मान समारोह' में शामिल हुए। वहां पर सीएम साय ने श्रमिकों के साथ बोरे बासी भी खाया। वहीं मुख्यमंत्री ने श्रमिक दिवस की सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, श्रमिकों के साथ भोजन करने का मौका मिला। यहां श्रमिकों को 5 रुपये में भरपेट भोजन मिलता है। रमन सरकार के दौर से यह योजना शुरू हुई थी। मुख्यमंत्री ने बताया, भारत सरकार में 2 साल लेबर मिनिस्टर के रूप में काम किया। मैं गांव का रहने वाला हूं, श्रमिकों की समस्या हम समझते हैं। इतना कोई नहीं समझ पाएगा। ये झोपड़ी में रहकर लोगों के लिए महल बनाते हैं। श्रमिकों को नमन करता हूं, हमारा विकास इन्हीं पर टिका है।

### गढ़कलेवा से मंगाया गया 50 थाली बोरे बासी




श्रमिक दिवस के दिन बोरे बासी को कांग्रेस ने सभी कांग्रेसियों से इसे सोशल मीडिया में वायरल करने का अव्हान किया था। इधर श्रमिक दिवस पर मुख्यमंत्री निवास से गढ़कलेवा को 50 थाली बोरे बासी का आर्डर मिला। श्रमिकों के सम्मान समारोह में पहुंचे श्री साय ने यहां से मंगाए गए बोरे वासी का स्वाद लिया।

### भूपेश ने श्रमिकों को दी शुभकामनाएं

राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने रायगढ़ में बासी खाकर सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया। पूर्व सीएम ने अपने पोस्ट में राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने प्रदेशवासियों से बोरे-बासी खाते हुए फोटो-वीडियो को हैशटैग के साथ शेयर करने की भी अपील की है। बता दें, पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने अपने कार्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ में मजदूर दिवस को 'बोरे बासी दिवस' घोषित किया था।

### पीसीसी अध्यक्ष बैज सहित कांग्रेस नेताओं ने खाई बासी

कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल से आज के दिन को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाने की परंपरा को जारी रखा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने भी अपने-अपने परिवार के साथ बासी का आनंद लिया और सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर कैंपेन का हिस्सा बनते हुए मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी।

# पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए आकर्षक रूप से सजा टाउनहॉल, अब तक 990 वोट पड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव को त्योहार के रूप में मनाया जा रहा है। इसके लिए कलेक्टोरेट परिसर स्थित टाउन हॉल को मतदाता सुविधा केंद्र बनाया है, जिसे आकर्षक रूप से सजाया गया है। पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए दी गई है, ताकि चुनाव से पूर्व वे मतदान कर सकें। हालांकि पोस्टल बैलेट से मतदान की शुरुआत धीमी हुई है।

जिलेभर में पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए साढ़े सात हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को पीबी फार्म वितरित किए गए हैं, जिनमें से अब तक सिर्फ 990 वोट पड़े हैं। जिला निर्वाचन अधिकारियों का कहना है कि चुनाव ड्यूटी से समय निकालकर अधिकारी-कर्मचारी वोट करने आ रहे हैं, इसलिए वोटिंग का प्रतिशत अभी कम है। पोस्टल बैलेट से मतदान करने की अंतिम तारीख 6 मई है। इस दौरान तक शत-प्रतिशत वोटिंग होने की उम्मीद है।




### घर-घर वोटिंग के तहत 470 ने किया मतदान

लोकसभा चुनाव में घर-घर वोटिंग भी कराई जा रही है। इसके लिए 80 प्लस बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जा रहा है। जिलेभर में इसके लिए 522 मतदाताओं ने घर पर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए सहमति जताई थी। इसके तहत मतदान दल इन मतदाताओं के घर जाकर उनसे पोस्टल बैलेट से मतदान करा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार अब तक 470 मतदाता घर बैठे वोट कर चुके है। शेष 52 मतदाताओं के घर गुरुवार को मतदान दल पहुंचकर मतदान कराएंगे।

### मतदान सुविधा केंद्र में छग संस्कृति की झलक

टाउन हॉल मतदान सुविधा केंद्र को चुनई मड़वा का नाम देकर इसे शादी-ब्याह के रूप में सजाया गया है। परिसर में पंडाल लगाया गया है, जिस पर्रा से सजाया है। इस तरह से मतदान सुविधा केंद्र में छत्तीसगढ़ की संस्कृति की भी झलक देखने को मिल रही है।

### शरबत-नीबू पानी की भी व्यवस्था

टाउन हॉल में मतदाताओं के लिए पेयजल के अलावा शरबत व नीबू पानी की भी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मतदाताओं का बीपी, शुगर जांच के लिए मेडिकल टीम भी तैनात है। मतदाताओं के लिए सेल्फी जोन भी बनाया गया है।

## शासकीय संपत्तियों के उपयोग का लगाया आरोप

# बृजमोहन अग्रवाल पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत करने पहुंचे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले से मुलाकात की और भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल द्वारा शासकीय संपत्तियों का उपयोग, शासकीय अधिकारी कर्मचारी पर दबाव पूर्वक कार्य करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप में कहा, लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही पूरे देश में आचार संहिता लगी हुई है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक दल का प्रत्याशी शासकीय संपत्ति का उपयोग कर अपना चुनाव प्रचार व प्रसार नहीं कर सकता, परंतु बीजेपी के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल जो वर्तमान में भाजपा सरकार में मंत्री हैं, वे निरंतर अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। शासकीय भवनों, शासकीय कार्यालय, बिजली के खभों, स्कूल व अन्य सरकारी संपत्तियों में अपना बैनर पोस्टर होर्डिंग्स लगाकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उनका सहयोग उनके विभाग के सरकारी कर्मचारी भी कर रहे हैं एवं चुनाव कार्य को प्रभावित कर उन्हें लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि बृजमोहन अग्रवाल के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के तहत कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा पूरे लोकसभा में शासकीय संपत्ति पर किए गए विज्ञापनों को तत्काल हटाया जाए एवं ऐसे प्रचार में की गई राशि को भी उनके चुनाव व्यय में गणना कर शामिल की जाए। शिकायत करने वालों में वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, छाया वर्मा, अनीता शर्मा, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे, गिरीश दुबे, उधो राम वर्मा सहित कई नेता शामिल थे।



# महतारी वंदन योजना में 654 करोड़ की तीसरी किस्त का अंतरण

## सीएम ने माताओं-बहनों से कहा- चेक कर लें अपने खाते

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महतारी वंदन योजना के अंतर्गत तीसरी किस्त महिलाओं के खाते में विष्णुदेव सरकार ने ट्रांसफर कर दी है। इसके तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को एक-एक हजार की राशि उनके खातों में अंतरण कर दी गई है। सीतापुर की चुनावी सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने बुधवार को महतारी वंदन योजना की तीसरी किस्त दे दी है। उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपना-अपना खाता चेक करने की बात कही। गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बुधवार को महतारी वंदन योजना की तृतीय माह की सहायता राशि का भुगतान किया गया है।



### साढ़े 6 लाख खातों का आधार लिंक नहीं


माह मई की सहायता राशि के लिए कुल 654.90 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। 63,59,226 हितग्राहियों को आधार लिंक खातों के आधार पर डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया। इसके अंतर्गत उनके आधार से लिंक हुए बैंक खाते में सहायता राशि प्राप्त होगी तथा 6,48,004 हितग्राहियों को, जिनके खाते आधार से लिंक नहीं हैं, उन्हें एनईएफटी के माध्यम से उनके खाते में भुगतान किया गया।

**खबर संक्षेप**

## नलकूप खनन पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**महासमुंद**। जिले में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने आगामी आदेश तक के लिए नलकूप खनन पर कलेक्टर प्रभात मलिक ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया है। आगामी आदेश तक सक्षम प्राधिकृत अधिकारी के पूर्वानुमति के बिना कोई भी नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा। लेकिन शासकीय, अर्द्धशासकीय, नगरीय निकायों को पेयजल के लिए अपने क्षेत्राधिकारी सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। परन्तु निर्धारित नियमों का पालन करना होगा। संबंधित क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नगरीय एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा एवं सरायपाली से अनुमति लेनी होगी। बोरवेल खनन अथवा बोरवेल मरम्मत का कार्य पंजीकृत बोरवेल एजेंसी द्वारा ही की जाएगी। कोई भी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन कराते पाए जाने पर उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## बेलसोंडा में दो बेटियों को मिला विवाह योजना का लाभ




**महासमुंद**। ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर अपने चुनावी घोषणा के अनुसार दो बेटियों को अपनी योजनाओं का लाभ दिया। गांव के पंच हेमा साहू (गंगा), ईशा धीवर (जमुना) तथा सरस्वती साहू को बेटियों (मंजू माता बृहस्पति बंशी धीवर तथा राखी माता गायत्री संजय साहू) को भेंट करते हुए अपनी घोषणा का पालन किया। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच भामिनी चंद्राकर की दोनों योजनाएं पिछले चार सालों में गांव के लगभग सभी घरों में पहुंच चुकी है।

# मजदूर दिवस पर विधायक सहित कांग्रेसियों ने बोरे-बासी खाने का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



1 मई मजदूर दिवस पर पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव सहित कांग्रेस नेताओं ने छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक मात्रा में खाए जाने वाले पारंपरिक भोज्य पदार्थ बोरे बासी का का आनंद लिया। बता दें कि विधायक यादव इन दिनों लोकसभा चुनाव के चलते बेलतरा, मस्तूरी, जांजगीर चांपा और कोरबा लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर हैं। 1 मई को विधायक यादव सहित कांग्रेस नेताओं ने तखतपुर विधानसभा के ग्राम ढनढन में मजदूर दिवस पर मजदूरों का सम्मान करने के पश्चात बोरे-बासी का आनंद लिया। इस दौरान पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शिवाला कौशिक, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अनिल कौशिक सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### विधायक ने सड़क हादसे में घायल की मदद की

**बसना**। दोपहिया और चार पहिया वाहन के टक्कर में जगदीशपुर निवासी बापे बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं, जिनको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने सड़क हादसे में घायल हुए जगदीशपुर निवासी बापे को तत्काल नीलांचल सेवा समिति की एंबुलेंस सेवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर उनका अच्छा इलाज करने के लिए स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टरों को निर्देशित किए। जिस वक्त ये हादसा हुआ उस समय विधायक डॉ संपत अग्रवाल उसी रास्ते से अपनी कार में जा रहे थे, सड़क पर पड़े घायल हालत में बापे को देख उन्होंने तुरंत उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाई। बाद में बापे को घायल हालत में उठाकर नीलांचल सेवा समिति के एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया।

# कर्मचारी भवन में हुआ मजदूर दिवस पर गोष्ठी और सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने एक मई मजदूर दिवस पर कर्मचारी भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। विचार गोष्ठी का प्रारंभ करते हुए पेंशनर संघ के जिला अध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी और एफए नंद ने विश्व मजदूर दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज भी मजदूर वर्ग के लिए न्याय संगत योजना बनाने की जरूरत है। लाखों मजदूर आज भी बहुत सी समस्या से जूझ रहे है, उनको न्याय दिलाने के लिए संघ और संगठन की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष रेखराज शर्मा ने कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा लगातार संघर्ष कर मजदूरों को कार्य के घंटे तथा मजदूरी दर निर्धारित कराया गया है, इसके लिए कितने आंदोलन उन्हें करना पड़ा। आज का दिन उनके संघर्षों कोई याद करने का दिन है तथा हमारे उत्तराधिकारियों को उस संघर्ष को बताते हुए कार्य के महत्व को बताना होगा। सिराज बक्श ने कहा की हर वर्ष मजदूर दिवस पर शासन को मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए बेहतर योजनाओं का आगाज करना चाहिए। विश्व मजदूर दिवस सही मायने में मेहनत कश मजदूरों के पसीने के सम्मान का दिवस है।




प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर ने कहा की मजदूरों को न्याय और अधिकार दिलाने के लिए समय समय पर किया गया संघर्ष यादगार है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष सुधा रात्रे ने कहा कि मजदूर दिवस मजदूर के सम्मान का दिवस है और इस दिवस में हमें एकजुट होकर न्याय और अधिकार की आवाज बुलंद करने की जरूरत है। विचार गोष्ठी को हिरेंद्र साहू, दिलीप तिवारी, सुलेखा शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर में जिला अध्यक्ष रेखराज शर्मा द्वारा आए समस्त कर्मचारियों अधिकारियों का फल प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव लोकेश पटेल ने एवं आभार प्रदर्शन दिलीप तिवारी ने किया। इस अवसर पर हीराचंद्र साहू मेंशन मजदूर संघ, सनत यादव, मनराखन ध्रुव, बीएन गुप्ता, नमित साहू, मदन चौधरी, उमेश साहू, गायत्री कुर्रे, अंजलि तिवारी, सुल्ताना बेगम, अंजुला चौधरी, अहिल्या मरकाम समेत बड़ी संख्या में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खरोरा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम खरोरा में स्व. मनीष कन्नौजे की स्मृति में श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन गांव में कलश यात्रा निकाली गई। कथा के दूसरे दिन कथावाचक कुलभूषण तिवारी ने श्रीमद्भागवत की अमर कथा एवं शुकदेव के जन्म का विस्तार से वर्णन किया। कैसे भगवान कृष्ण ने शुकदेव महाराज को धरती पर भेजा भागवत कथा गायन करने के लिए, जिससे कलियुग के लोगों का कल्याण हो सके। भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। शुकदेव के जन्म के बारे में यह कहा जाता है कि ये महर्षि वेद व्यास के अयोनिज पुत्र थे और यह बारह वर्ष तक माता के गर्भ में रहे। भगवान शिव, पार्वती को अमर कथा सुना रहे थे। पार्वती को कथा सुनते-सुनते नींद आ गई और उनकी जगह पर वहां बैठे शुकदेव ने हुंकारी भरना प्रारंभ कर दिया। जब भगवान शिव को यह बात ज्ञात हुई, तब उन्होंने शुकदेव को मारने के लिए दौड़े और उनके पीछे अपना त्रिशूल छोड़ा। शुकदेव जान बचाने के लिए तीनों लोकों में भागते रहे। भागते-भागते वह व्यास के आश्रम में आए और सूक्ष्म रूप बनाकर उनकी पत्नी के मुख में घुस गए। वह उनके गर्भ में रह गए। ऐसा कहा जाता है कि ये बारह वर्ष तक गर्भ के बाहर ही नहीं निकले। जब तक भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं आकर इन्हें आश्वासन दिया।

### डेढ़ माह में शराब जब्ती के 217 प्रकरणों में 221 आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद**। जिले की पुलिस ने 16 मार्च से 1 मई तक करीब डेढ़ माह के दौरान शराब जब्ती के 217 प्रकरणों में 221 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते लगाए गए आदर्श आचार संहिता के बाद पुलिस अधीक्षक महासमुंद से मिले निर्देश के बाद की गई। पुलिस ने बताया कि 16.03.2024 से 01.05.2024 तक 217 प्रकरणों में 221 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 2364.750 लीटर अवैध शराब कीमत 5,73,760 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# गुड शेफर्ड स्कूल में शत-प्रतिशत परीक्षाफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था गुड शेफर्ड स्कूल में संस्था के डायरेक्टर डॉ जार्ज रावटे, संचालिका डॉ अनिता जी रावटे एवं प्राचार्य एम. निवास राव की उपस्थिति में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं स्टार ऑफ द ईयर घोषित किया गया। सभी कक्षाओं में बालिकाओं ने बाजी मारी एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक भी पीछे नहीं रहे। वर्षभर सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद, शत-प्रतिशत उपस्थिति आदि आल राउंडर्स बालक बालिकाओं को डॉ जार्ज रावटे, संचालिका डॉ अनिता जी रावटे एवं प्राचार्य निवास राव के द्वारा स्टार ऑफ द ईयर की खिताब से नवाजा गया। क्लास 1 की जिशा, सुमैया, मुबारक, दित्या ने 99.5 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्लास 2 के तविश, फलक ने 99.5 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान, क्लास 3 में नौशबा ने 99 प्रतिशत, क्लास 4 सिद्धांत पाठक, अंकित प्रधान, श्रेया दुबे ने 99 प्रतिशत, क्लास 5 में मंतरा ने 99 प्रतिशत, क्लास 6 में मन्नू दीवान ने 97.3, क्लास 7 में डिंपल सोनकर ने 94 प्रतिशत, क्लास 8 में निधि ठाकुर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## रिवरडेल में हुआ बूट कैंप का आयोजन ...



**महासमुंद**। रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल प्रांगण में टूनो क्लब द्वारा 22 से 30 अप्रैल को बूट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें महासमुंद शहर के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें टूनों क्लब के कोच अनुराग भंडारी ने बच्चों को स्कैटिंग के माध्यम से वर्क आउट, टाइम ट्रायल ,स्पीड, जिक जैक आदि का प्रशिक्षण दिया। इस कैंप में रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल व महासमुंद के 18 प्रतिभागी ने भाग लिया। जिसमें ट्विंकल जैन, प्रथिति पारख, गौरवित झाबक, निवृति पारख, यथार्थ जैन, रूहान जैन, राजीव मौर्या अनिका, वान्या, प्रिशा, देवांश कनिष्क, आर्यन सोनी, देवांश, विहान, लाव्या, अनंत हरि पांडे, रियान आदि विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन में प्रतिभागी छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### दुकान व गोदाम से 45 हजार के किराना सामान की चोरी

**महासमुंद** । एनएच 53 स्थित खम्हारमुड़ा गांव के एक दुकान और गोदाम से करीब 45 हजार रुपए के सामान की चोरी का मामला सामने आया है। सिंघोड़ा पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सिंघोड़ा थाने में प्रार्थी प्रदीप अग्रवाल पिता मानिकचंद अग्रवाल ने बताया कि मेरा ग्राम खम्हारपाली एनएच 53 रोड से लगा किराना दुकान एवं गोदाम है। गोदाम में सीसीटीवी कैमरा लगा है। 27 अप्रैल को रोज की भांति मैं दुकान रात्रि 9:30 बजे बंद कर अपने घर सरायपाली चला गया था। 28 अप्रैल को सुबह 08 बजे दुकान आया तो देखा कि दुकान के शटर के दोनों तरफ का ताला टूटा हुआ था शटर खोलकर देखा तो किराना सामान बिखरा हुआ था। फिर मैं दुकान से कुछ दूर गोदाम के पास गया तो देखा कि वहां भी दरवाजा का ताला टूटा था। गोदाम के अंदर किराना सामान बिखरा था। प्रार्थी ने बताया कि किराना दुकान एवं गोदाम के अंदर रखे किराना सामान करीबन 20 टिन तेल, 03 बोरी चावल, 01 पेटी साबुन कीमत करीब 45000 रुपये की किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले में पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत मामला दर्ज किया है।

# पूर्व जिलाध्यक्ष हितेश ने पूजा अर्चना कर की तेंदूपत्ता खरीदी की शुरुआत

**महासमुंद**। जिला वनोपज संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष हितेश चंद्राकर ने प्रथमिक सरकारी समिति सुखरीडबरी के फड़ में पूजा अर्चना कर तेंदुपत्ता खरीदी का शुभारंभ किया और कस्तूरबोड़ दाबपाली फड़ का निरक्षण किया। इस दौरान चंद्राकर ने संग्राहकों को राज्य सरकार की पारिश्रमिक राशी में वृद्धि की जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था।राज्य में भाजपा की सरकार बनने छत्तीसगढ़ के वनांचल में निवासरत लाखो तेंदुपत्ता संग्राहको की पारिश्रमिक राशि में वृद्धि की जाएगी प्रति मानक बोरा संग्रहण दर 5500 रू करने की घोषणा किया था। राज्य में भाजपा के विष्णु देव सरकार बनते ही मुख्यमंत्री द्वारा पारिश्रमिक राशि बढ़ाकर 5500 रू खरीदी करने आदेश जारी कर दिया गया।इस वर्ष प्रति सैकड़ा 550 रू एवं प्रति मानक गोरा 5500रू की दर से पारिश्रमिक राशि का भुगतान संग्राहको मिलेगा।



चंद्राकर ने कहा बड़ी हुई दर से वनांचल में निवास रत जिले के 80 हजार से अधिक गरीब परिवार आर्थिक रुप से मजबूत होंगे जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार होगा। इस दौरान समिति प्रमुख मानसिंग ध्रुव यशवंत साहू कृष्णा चक्रधारी महेश चक्रधारी खेमराज चक्रधारी रेसिंग चक्रधारी मालती दीवान चंपा बाई चक्रधारी सुखबती चक्रधारी फड़ मुंशी कोमल चक्रधारी आदि संग्राहक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# क्रेडिट कार्ड अपग्रेड कराने के नाम पर अस्पताल कर्मचारी से 43 हजार से ज्यादा की ठगी

**महासमुंद**। क्रेडिट कार्ड अपग्रेड कराने का झांसा देकर भुरकोनी पीएचसी में पदस्थ कर्मचारी से 43 हजार रुपए से ज्यादा की ठगी कर ली गई। मामले में पीड़ित ने तेंदूकोना थाने में रिपोर्ट लिखाई है।

तेंदूकोना थाने में शिकायत करते हुए प्रार्थी यशवंत कुमार चतुर्वेदी पिता जोगवाराम चतुर्वेदी (32) निवासी ग्राम बम्हनी तहसील महासमुंद ने बताया कि मैं वर्तमान में पीएचसी भुरकोनी में आरएचओ के पद में मैं पदस्थ हूं । मेरा बैंक खाता एसबीआई कलेक्ट्रेट ब्रांच महासमुंद है । मैने बैंक खाता के आधार पर एक क्रेडिट कार्ड जारी कराया था। जिसका उपयोग मैं वर्ष 2018 से कर रहा हूं। 28 अप्रैल को दोपहर करीब 3.15 बजे जब अपने अस्पताल भुरकोनी में काम कर रहा था, तब मेरे मोबाईल नंबर में एक कॉल आया, जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुझे बोला गया कि आपके पास क्रेडिट कार्ड है । उसने मुझे मेरे क्रेडिट कार्ड का पूरा डिटेल बताया एवं लेनदेन की पूरी जानकारी भी दी। उक्त अज्ञात मोबाइल धारक व्यक्ति के द्वारा मुझे कहा गया कि आपके पास कस्टमर हेल्पलाईन नंबर से फोन आएगा, और कार्ड अपडेट कराने के प्रोसेस के संबंध में जो जानकारी उनके द्वारा मांगा जाएगा, उसे आपको जानकारी देना है। इसके बाद करीब 3.20 बजे पर मेरे मोबाईल नंबर पर कॉल आया। वह मोबाइल नंबर मेरे क्रेडिट कार्ड पर दिए गए कस्टमर हेल्पलाईन नंबर होने से मैने कॉल रिसीव किया, तब अज्ञात व्यक्ति द्वारा कहा गया कि आपका क्रेडिट कार्ड अपग्रेड करने पर आपका जो एक्स्ट्रा चार्ज लगा है, वह वापस हो जाएगा, बस आपको हमें ओटीपी बताना है, तब मैने मेरे नंबर पर आए ओटीपी को अज्ञात व्यक्ति को बता दिया । इसके तत्काल बाद मेरे मोबाईल नंबर पर क्रेडिट कार्ड खाते से 43212 रुपए डेबिट हो जाने का टेक्स्ट मैसेज आया। जब मैंने ऑनलाइन अपना बैंक स्टेटमेंट चेक किया तो उक्त राशि किसी पे ब्लिंकिट गुड़गांव हरियाणा के खाते में ट्रांसफर होना दर्शाया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।



### अवैध गतिविधियों की जानकारी लेने ग्राहक बनकर शराब भट्ठी पहुंचे पत्रकार से जमकर मारपीट

**महासमुंद**। शराब भट्ठी में चल रही कथित अवैध गतिविधियों की जानकारी ग्राहक बनकर पहुंचे पत्रकार के साथ अज्ञात लोगों ने जमकर मारपीट की। मामले में महासमुंद थाने में रिपोर्ट लिखाई गई है। प्रार्थी परमेश्वर कुमार साहू पिता डिहूराम साहू निवासी ग्राम फुलझर थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद ने पुलिस को बताया कि मैं विगत 14 वर्षों से पत्रकारिता के माध्यम से समाज सेवा का कार्य करता आ रहा हूं। 1 मई को रात्रि करीबन 07.15 बजे सूचना के आधार पर सितली नाला महासमुंद स्थित देशी शराब भट्ठी में सेल्समैन के द्वारा कोचियों को नियम विरूद्ध बोरियों में शराब बेचने के मामले की पड़ताल के लिए गया था, जिसके बारे में आबकारी विभाग को फोन के माध्यम से जानकारी दिया गया है। साथ ही इस मामले को लेकर पूर्व में खबर भी प्रकाशित गया है। शराब भट्ठी में हो रही अवैध गतिविधि की जानकारी लेने ग्राहक बनकर मैं स्वयं गया था, जहां खबर से बौखलाए 3-4 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अचानक मुझ पर जानलेवा हमला कर दिया गया। जिन्होंने मुझे लात-घूंसे, हाथ-मुक्के से मारपीट कर व गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस मारपीट से मेरे बायें हाथ की उंगली, कोहनी एवं दाहिने गाल के पास चोट आई है साथ ही मेरा जेब का पैसा को निकाल कर फाड़ दिया। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

पेज 09 का शेष

### नियम विरुध्द हो रहा था रेत उत्खनन...

पिट पास के संबंध में पूछताछ की। चालक ने बताया कि उसके पास रायल्टी पिट पास नहीं है। जिसके बाद जनपद अध्यक्ष ने इस मामले की सूचना जिला खनिज अधिकारी को दी। उधर हाइवा चालक ने फोन कर रेत उत्खननकर्ता को खबर कर दी। जिसके बाद बरबसपुर निवासी झाला चंद्राकर पुत्र वैभव चंद्राकर और तरुण चंद्राकर के साथ बिरकोनी चौक पहुंचे। अवैध खनन की जानकारी देने के लिए मौके पर पहुँच कर यतेन्द्र साहू और विवेक साहू पर के साथ भारी मारपीट की और उनकी कार सीजी 06 जीएम 0024 के साथ भी तोड़फोड़ कर दी। दोनो पक्षों में जमकर हाथा-पाई भी हुई। जिसके बाद जनपद अध्यक्ष की शिकायत पर खनन माफिया के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने वैभव चंद्राकर, झाला चंद्राकर एवं तरूण चंद्राकर के खिलाफ 294, 323, 34, 427, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### गर्मी में दिए जा रहे तीन टाइम...

सप्लाई के लिए नियमित नपा कर्मियों के साथ ही प्लेसमेंट के करीब 20 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है। वहीं, बिजली बिल, मेंटनेंस में हर माह लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं। लेकिन, नपा को इसके एवज में मिलने वाली राशि का 25 फीसदी भी वसूल नहीं हो पाती है। जबकि, प्रत्येक घरेलु सामान्य उपभोक्ताओं को प्रति माह 180 रुपए जलकर देना होता है। एक ओर गर्मियों में तीन टाइम और बाकी दिनों में दो टाइम पानी का भरपूर उपयोग करने वाले शहरवासी जलकर देने में उदासीनता बरत रहे हैं।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133




## खबर संक्षेप



### बागबाहरा में श्रीमद भागवत कथा आयोजित

**बागबाहरा।** नगर के न्यू बस स्टैंड में 1 मई से 8 मई तक श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वृंदावन संत राजीव नयन महराज व संजीव नयन महाराज का प्रवचनकर्ता है। जिसमें समस्त श्रद्धा श्रद्धालुजनों से अपील की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ का लाभ उठाएं।



### छात्रों को गणवेश वितरण

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2022-23 में आरटीई के तहत निःशुल्क अध्ययनरत कक्षा अरुण से अष्टम तक के कुल 91 छात्रों को गणेश वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राज ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर एवं विद्यालय के सभी दीदी आचार्य उपस्थित रहे।



### निखिल के जन्मदिन पर लगा आम लंगर

**महासमुंद।** स्थानीय नगर पालिका सभापति व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू ने 1 मई को अपना जन्मदिन सादगीपूर्वक मनाया। उन्होंने मानव सेवा को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय नेहरू चौक और शास्त्री चौक में लंगर आयोजित किया। इस दौरान शाहबाज़ राजवानी, शुभम चंद्राकर, पुष्कर साहू, शादाब खान, विशाल मिश्रा, दामू साहू, आयुष भोसले, हुलेश साहू, तार्के यादव, मोहसिन मेमन, होरीलाल साहू, परमेश्वर साहू, वंश शर्मा, गुलशन साहू, फलेस साहू आदि मौजूद रहे।

**पहल:** सड़क पर सामान नहीं निकालने एवं पार्किंग की व्यवस्था पर की

# नगर की यातायात व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने ली व्यापारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

कलेक्टर प्रभात मलिक के नगर आगमन पर बुधवार को उन्होंने शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर चैंबर पदाधिकारी एवं व्यापारियों की बैठक ली तथा आवश्यक सुझाव दिए गए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ओंकारेश्वर सिंह की उपस्थित रहे। चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर एवं एसडीएम के साथ चैंबर पदाधिकारी की बैठक हुई। बैठक के दौरान विशेष रूप से शहर की यातायात व्यवस्था पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे सड़क पर जो दुकानों का सामान निकाल रहे हैं, उसे बंद करें। साथ ही सड़क तक समान फैलाने के कारण ग्राहकों के पार्किंग की समस्या भी होती है। और मोटरसाइकिल या अन्य वाहन भी सड़क पर खड़े हो जाते हैं। इससे यातायात बाधित होता है। उन्होंने इस प्रकार से सड़क पर दुकान फैलाने एवं सड़क तक पार्किंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी आने वाले दिनों में कार्रवाई होने की बात कही। इसके अलावा बड़े दुकान संचालकों से उन्होंने दुकान में ही स्वयं पार्किंग की व्यवस्था बनाने की समझाइश दी। इसके अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष अग्रवाल ने कलेक्टर को चिल्हर की समस्या के कारण व्यवसायियों को होने वाली परेशानी से अवगत कराया। साथ ही कॉलोनियों में नाली निर्माण करने एवं विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण की समस्या का भी समाधान करने की मांग की।



#### वाहनों के लिए कोई पार्किंग की व्यवस्था नहीं

ज्ञात हो कि स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ पुलिस व नगर पालिका की टीम द्वारा भी समय-समय पर सड़क तक दुकान फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती रही है। लेकिन, इन सबका असर कुछ ही दिनों तक रहता है। इसके बाद स्थिति पुनः जस की तस हो जाती है। वहीं दुकान में आने वाले ग्राहकों के लिए भी पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों के वाहन सड़क तक पार्किंग किए हुए होते हैं। जिससे आए दिन यातायात बाधित होता है।

#### गौरव पथ निर्माण कार्य जारी

शहर के मुख्य मार्ग के साथ-साथ पदमपुर मार्ग, सरसीवां मार्ग आदि में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वर्तमान में वैसे भी गौरव पथ निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसके कारण यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है। ऐसी स्थिति में दुकानों का सामान बाहर निकलना और बेतरतीब पार्किंग के कारण यातायात पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यदि कलेक्टर द्वारा दी गई समझाइश इस पर सही ढंग से अमल किया जाए तो काफी हद तक इस समस्या से निजात मिल सकती है।

## सिद्धेश्वर शिव मंदिर में हर सोमवार को भोग भंडारा का आयोजन



**बसना।** पदमपुर रोड बसना में स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर में प्रत्येक सोमवार को हनुमान चालीसा पाठ, भजन आरती के पश्चात भोग भंडारा का आयोजन किया जाता है। जिसमें सैकड़ों भक्तगण प्रसाद ग्रहण कर पुण्य की भागी होते हैं। सिद्धेश्वर शिव मंदिर में नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना की गई है। नर्मदेश्वर शिवलिंग बहुत ही बिरला मंदिरों में स्थापित होता है। आसपास के किसी भी मंदिर में नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना नहीं है। बरबस ही भक्तों को आकर्षित करने वाले सिद्धेश्वर शिव मंदिर के नर्मदेश्वर शिवलिंग को दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ सोमवार को देखते ही बनता है।

प्रत्येक सोमवार को भोग भंडारा के लिए, समिति के द्वारा मेनू तैयार किया गया है। जिसमें बारी-बारी से खिचड़ी टमाटर चटनी, पुलाव टमाटर चटनी, चावल मिक्स सब्जी, चावल डालमा को भोग भंडारा बनाया जाता है। भंडारा के लिए समिति के सभी सदस्य एवं आसपास के भक्तों द्वारा जन्मदिवस, सालगिरह, स्मृति के लिए, मनोकामना पूर्ण होने के लिए दिया जाता है। समिति के सदस्यों द्वारा भी कोई चावल, कोई दाल, कोई सब्जी, कोई किराना समान, देने की जिम्मेदारी ली गई है। जानकारी देते हुए मंदिर समिति के भंडारा प्रभारी बसंत देवता ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को शाम 5 बजते ही भक्तों का आना प्रारंभ हो जाता है। सभी भक्त एकत्रित होकर हनुमान चालीसा पाठ, शिव आरती और अनेक भजन करते हैं। पश्चात भंडारा प्रारंभ होता है। फरवरी माह में मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हुआ है।



## मुड़ागांव में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रयोग समाज सेवी संस्था तिल्दा रायपुर द्वारा ग्राम पंचायत तुपकबोरा के आश्रित ग्राम मुड़ागांव में मनरेगा द्वारा नाला निर्माण का कार्य किया जा रहा है। मनरेगा कार्य स्थल में श्रमिकों के साथ अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। प्रयोग समाज सेवी संस्था से जिला समन्वयक सुमन साहू द्वारा श्रमिकों को सरकारी विभिन्न योजनाओं तथा युवा बेरोजगारों के लिए प्रशिक्षण संबंधित जानकारी दी। जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियां जो कि पढ़ाई छोड़ चुके है उसको कौशल विकास प्रशिक्षण की जानकारी दी गई।

जिससे प्रशिक्षण लेकर वह स्वरोजगार कर सके और आत्मनिर्भर बन सकें। प्रयोग समाज सेवी संस्था द्वारा यह जानकारियां ग्रामीण क्षेत्रों में देती आई है और आगे भी देते रहेगी।

# पाणिग्राही को मिला ब्रम्ह सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

### सर्व ब्राह्मण समाज ने किया समाज के नवरत्नों का सम्मान

सर्व ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा प्रदेश स्तरीय सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन वृंदावन हाल रायपुर में किया गया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य, राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा की अध्यक्षता, विधायक पुरंदर मिश्रा, हरिभूमि एवं आईएनएन के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी के विशेष आतिथ्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजेताओं तथा ब्राह्मण समाज के नवरत्नों 9 ऐसे लोगों को सम्मानित किया, जो विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त कर ब्राह्मण समाज को गौरवान्वित किया है।



इस कड़ी में डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को समाज सेवा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में ब्रह्म सम्मान से सम्मानित किया गया। उपमुख्यमंत्री ने शाल,श्रीफल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ पाणिग्राही ने कहा कि ब्राह्मण समाज के नवरत्नों डॉ चितरंजन कर शिक्षा विद, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, वरिष्ठ पत्रकार कौशल किशोर मिश्रा, डॉ दिनेश मिश्र चिकित्सा एवं अंध श्रद्धा उन्मूलन, संगीत एवं कला के क्षेत्र में डॉ स्वप्निल कर्महे, हितेंद्र तिवारी अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, समाज सेवा के क्षेत्र में तनु मिश्रा नवापारा, समाज सेवा सीमा शर्मा राजिम, समाज सेवा डॉ विजय शर्मा, शिक्षक लेखक एवं इतिहासकार जैसे समाज के श्रेष्ठजनों के साथ तथा बाल कलाकार अमूल्य निधि मिश्रा सहित नवरत्नों के साथ सम्मानित होना गौरव की बात है। सर्व ब्राह्मण समाज एवम अध्यक्ष ललित मिश्रा का आभार व्यक्त करते हुए समाज हित में निरंतर समर्पित रहने का संकल्प व्यक्त किया।

अतिथियों के विदा होने के पश्चात स्वीप आइकॉन डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने मतदाता जागरूकता के लिए शत प्रतिशत मतदान के लिए आह्वान किया तथा मतदाता शपथ दिलाई गई। शपथ के पश्चात हल्दी, पीला चावल युक्त मतदान जरूर करें लिखा नेवता पत्र का सम्मान सहित वितरण किया। जिसकी लोगों ने खूब सराहना की।

# ओलावृष्टि से खराब हुई सैकड़ों एकड़ की फसल के लिए अंकित ने की शीघ्र मुआवजे की मांग

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि विगत 23 और 24 अप्रैल को प्राप्त जानकारी के अनुसार कोमाखान तहसील अंतर्गत ग्राम लोंदामुडा, सिवनिकला और अमेरा में ओला वृष्टि से फसल को काफी नुकसान पहुंचा है और लगभग 80 से 90 किसानों की सैकड़ों एकड़ फसल को नुकसान हुआ है। जानकारी प्राप्त होने पर अंकित बागबाहरा स्वयं किसानों से मिलने व उनकी फसल देखने स्वयं पहुंचे। जिसमें मौजूद लोंदामुडा के किसानों ने बताया कि ग्राम में लगभग 50 किसानों की सैकड़ों एकड़ से ज्यादा की फसल खराब हुई है, जो संख्या ज्यादा भी हो सकती है, उसी



प्रकार सिवनीकला के लगभग 20 किसानों की फसल खराब हुई है और ऐसी ही संख्या अमेरा के किसानों की है।

अंकित ने बताया कि भगतराम देवांगन की 3 एकड़ फसल तो शून्य हो चुकी है। किसानों ने बताया कि इससे खड़ी फसल को बहुत नुकसान हुआ है। किसानों का मानना है कि जो फसल वो 80 बोरा प्रति एकड़ लेते थे वह शून्य हो चुकी है और अब तक पूरे किसानों का निरीक्षण करने कोई नही पहुंचा। सिवनी के किसानों ने बताया कि बार-बार जानकारी देकर थक चुके है पर अधिकारी कर्मचारियों के पास फसल देखने आने का समय भी नही है। अंकित बागबाहरा ने तत्काल अनुविभागीय अधिकारी बागबाहरा को पत्र द्वारा सूचित किया व तत्काल फसल नुकसान का आंकलन करवा कर मुआवजे की मांग की है।

गौरव विद्या मंदिर का वार्षिक परिणाम घोषित

## 11वीं कला में नीलम पटेल कामर्स में अप्शा खान प्रथम

**सरायपाली।** गौरव विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में सत्र 2023-24 वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा के निर्देशन में घोषित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी, प्रधानाचार्य रामचंद्र बॉईल, परीक्षा प्रभारी वशिष्ठ दास, सह प्रभारी माधुरी पटेल द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वार्षिक परीक्षाफल परिणाम जारी किया गया। जिसमें कक्षा पहली से अंकिता सतपथी, ट्विंकल दीवान तथा कुबेर दास ने 100% अंक प्राप्त किया। द्वितीय स्थान में अदनान मेमन, आयुष्मान भोई 98.5 प्रतिशत, तृतीय स्थान सुयश कुशवाहा 98 प्रतिशत, कक्षा दूसरी से प्रथम स्थान मोहम्मद मुज्जबिल, अहिल कुमार साहू 100 प्रतिशत, द्वितीय रागिनी शर्मा, मीशा प्रधान तथा नैतिक डडसेना 99 प्रतिशत, तृतीय विशाल गड़तिया 96.5 प्रतिशत, तीसरी से प्रथम पूर्वी मलिक 100 प्रतिशत, द्वितीय साक्षी यादव, रश्मि महापात्र, प्रत्युष यादव तथा चंद्रशेखर साहू 99 प्रतिशत, तृतीय आरोही यादव 97.5 प्रतिशत, कक्षा चौथी में प्रथम सुमन डडसेना 99.5 प्रतिशत, द्वितीय अनुष्का कुमार 99 प्रतिशत, तृतीय कलवारी दीप 98.5 प्रतिशत, कक्षा पांचवी से प्रथम अंजू, हिमांशी शर्मा 99 प्रतिशत, द्वितीय तृप्ति कृतिका सोनी 98 प्रतिशत, तृतीय सुशांत बारीक 97 प्रतिशत, छठवीं से प्रथम पायल साहू 98,66, द्वितीय ममता पटेल 98.5 प्रतिशत, तृतीय टीशा यादव 97,66 प्रतिशत, सातवीं में प्रथम आदित्य साहू 99,83 प्रतिशत, द्वितीय सोम पाणिग्राही 99,66 प्रतिशत, तृतीय आस्था साहू 99,33 प्रतिशत, कक्षा आठवीं से प्रथम लतिका दीप 99.5 प्रतिशत, द्वितीय रोशनी सिंह 99, प्रतिशत, नीलू पटेल 99 प्रतिशत, तृतीय सुहाना साहू 98 प्रतिशत, कक्षा नवमी से प्रथम स्वरीत पाणिग्राही 97.5 प्रतिशत, द्वितीय दीपिका यादव 97 प्रतिशत, तृतीय अमृता साहू 93.3 प्रतिशत एवं 11वीं विज्ञान से प्रथम स्थान पायल साव 99,2 प्रतिशत, द्वितीय संजू त्रिपाठी 98.8, तृतीय प्रीति भाई 98 प्रतिशत, 11वीं कला से प्रथम नीलम पटेल 96 प्रतिशत, द्वितीय ममता मानिकपुरी 90 प्रतिशत, तृतीय रेशमा पटेल 79.6 प्रतिशत, 11वीं कॉमर्स से प्रथम अफ्शा खानम में 81.2 प्रतिशत, द्वितीय में बिंदु नायक 78.8 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान में आयुष महापात्र 75.8 प्रतिशत रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सरवरी निशा ने दी है।



# सेवानिवृत्त प्रधानपाठक के समस्त देयकों का कराया गया तत्काल भुगतान

## विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों का जताया गया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सेवानिवृत्ति के पश्चात कर्मचारियों को वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना न पड़े इसके लिए त्वरित रूप से सेवानिवृत्ति पर देय समस्त स्वत्वों के भुगतान की कार्रवाई पूर्ण करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी की पहल पर 30 अप्रैल 2024 को शासकीय प्राथमिक शाला सेमलिया के प्रधान पाठक के पद से सेवानिवृत्त होने वाले अभिमन्यु राणा के समस्त स्वत्वों के भुगतान के लिए कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी की टीम ने सक्रियता से त्वरित कार्रवाई करते हुए अगले ही दिन 01 मई 2024 को अवकाश नगदीकरण, जीआईएस, एफबीएफ, जीपीएफ का अंतिम भुगतान आदि समस्त स्वत्वों का भुगतान देयक बनाकर ट्रेजरी सरायपाली में अविलंब प्रस्तुत किया गया और देयक की स्वीकृति प्रदान करते हुए ट्रेजरी अधिकारी अनिमेष सिंह द्वारा संबंधित सेवानिवृत्त प्रधान पाठक अभिमन्यु राणा के बचत खाते में राशि का भुगतान भी कर दिया गया है, जो अत्यन्त सराहनीय है। इस कार्य को सफल बनाने में एबीईओ डीएन दीवान, स्थापना 01 के शाखा प्रभारी रुपेश महापात्र, स्थापना 02 शाखा प्रभारी निरंजन कोसरिया एवं बीईओ कार्यालय की टीम का विशेष सहयोग रहा।

# ढूटीकोना में पदस्थ शिक्षक वीरेंद्र व गिरधारी को विद्यावाचस्पति सम्मान से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली संकुल केंद्र ढूटीकोना में पदस्थ शिक्षक डॉ. वीरेंद्र कुमार कर एवं डॉ. गिरधारी साहू (प्रधान पाठक) को हिंदी लेखन, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा के उन्नयन एवं समाज सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर किए शोधकार्यों, सामाजिक कार्यों के लिए विद्यापीठ की प्रबंध कार्यकारिणी की अनुशंसा पर विद्यावाचस्पति सारस्वत सम्मान विद्यावाचस्पति सम्मान समारोह स्थान होटल रेडिसन भोपाल में गाइड डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही (ब्रांड



एंबेसडर स्वीप कार्यक्रम महासमुंद एवं ब्रांड एंबेसडर पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ वृंदावन धाम मथुरा उप्र) के सानिध्य में प्राप्त हुआ। शासकीय प्राथमिक शाला करनापाली के अपने दोनों शिक्षकों को मिले डॉक्ट्रेट की मानद उपाधि से करनापाली ही नहीं अपितु पूरे अंचल में हर्ष व्याप्त है।

ग्रामीण बंधुओं ने दोनों शिक्षकों को बुके भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। ग्राम पंचायत करनापाली सरपंच खीरसागर पटेल, संकुल प्राचार्य श्याम कुमार भोई, संकुल समन्वयक इंदल कुमार पटेल, संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी दोनों शिक्षकों का आत्मीय स्वागत किया। साथ ही बीईओ जेआर डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, लोकेश्वर सिंह कंवर, बद्री प्रसाद जोल्हे एवं बीआरसीसी ललित देवता, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर के समस्त अधिकारी कर्मचारियों, शाला विकास समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल,कमल पटेल, महेश पटेल, हेमचरण सिदार स्वीपर, वृंदावन दीवान, गंगाधर नेताम सचिव, संतलाल यादव, बेदराम ने हर्ष जताया है।

